बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय

7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

प्रेस विज्ञप्ति

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय में SVEEP कार्यक्रम संचालन एवं विभिन्न स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान के सुगम एवं सफल संचालन हेतु SVEEP Consultant के रूप में संयुक्त सचिव स्तर के सेवानिवृत्त सरकारी सेवक जिन्हें निर्वाचन के कार्यों का अनुभव प्राप्त हो तथा संयुक्त सचिव के पद पर कम से कम एक वर्ष का अनुभव प्राप्त हो, को संविदा के आधार पर नियुक्त करने हेतु एक पद सृजित करने का निर्णय विभागीय पत्र ज्ञापांक–3362 दिनांक 22.09.2020 द्वारा लिया गया है। उक्त निर्णय के आलोक में बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2020 में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु SVEEP Consultant के रूप में संयुक्त सचिव स्तर के सेवानिवृत्त सरकारी सेवक, जिनकी उम्र 65 वर्ष से कम हो, से संविदा पर नियुक्ति हेतु आवेदन विहित प्रपत्र में **दिनांक 30.09.2020** तक आमंत्रित की जाती है तथा उक्त पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन समर्पित करने वाले आवेदनकर्त्ता **दिनांक 01.10.2020 को अपराह्न 5:00 बजे तक** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार–सह–सचिव, निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष में साक्षत्कार हेतु उपस्थित होंगे। संविदा पर नियुक्त किये जाने वाले SVEEP Consultant को मासिक मानदेय के रूप में उन्हें प्राप्त होने वाले अंतिम वेतन+सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त महंगाई भत्ता के योगफल की राशि में से पेंशन की राशि+सेवानिवृत्ति के समय पेंशन की राशि पर महंगाई राहत की राशि घटाने के उपरांत जो राशि प्राप्त होगी, वही देय होगी। परन्तु पेंशन पर महंगाई राहत का भुगतान होता रहेगा। मासिक मानदेय की यह राशि उक्त सेवानिवृत्त सरकारी सेवक के संविदा अवधि में कार्यरत रहने की तिथि तक स्थिर रहेगी। इस संबंध में इच्छुक आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र, विभागीय वेबसाईट www.ceobihar.nic.in से डाउन लोड कर आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है।

(कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव)
संयुक्त सचिव।

SVEEP CONSULTANT के लिए

<u>आवेदन हेतु विहित प्रपत्र</u>

पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटो

1. आवेदक का नाम :–
2. पिता/पति का नाम :–
3. सेवानिवृत्ति की तिथि :–
4. विभाग/कार्यालय का नाम (जहाँ से सेवानिवृत्त हुए हैं) :–
5. सेवानिवृत्ति की तिथि के समय धारित पद का नाम :–
6. निर्वाचन कार्य का अनुभव (अवधि) :–
7. संयुक्त सचिव/समकक्ष स्तर के पद पर कार्य अनुभव :–
8. सेवानिवृत्ति की तिथि को (i) अंतिम मूल वेतन :–

   (ii) महगांई भत्ता :–
9. स्वीकृत पेंशन (PPO की छायाप्रति सहित) (i) पेंशन की राशि :–

   (ii) महंगाई राहत :–
10. सेवा काल में आरोप/दंड की स्थिति :–
11. वर्तमान पता :–
12. घोषणा पत्र – एतद् द्वारा मैं .... घोषित करता हूँ कि उपर्युक्त अंकित सभी जानकारी सही है एवं गलत पाये जाने पर संविदा के सेवाकाल में लिये गये मानदेय को पूर्णरूप में वापस कर दूँगा तथा सभी सरकारी नियमों एवं आचार संहिता का पूर्णतः पालन करूगा।

आवेदक का हस्ताक्षर